# राजस्थान सरकार
## ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग
## (अनुभाग–3)

क्रमांक एफ 51(1)ग्रावि/नरेगा/जीआईएस/108092/2016–17/पार्ट– II जयपुर दिनांक : 8/12/17

जिला कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक,
महात्मा गांधी नरेगा
समस्त राजस्थान।

**विषय :– जियो मनरेगा फेस–I अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के समस्त पूर्ण कार्यो की जियो टैंगिग बाबत।**

**संदर्भ :– इस कार्यालय के समसंख्य पत्र दिनांक 09.06.2017, 21.07.2017, 03.08.2017 एवं 15.11.2017**

**महोदय,**

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रों द्वारा जियो मनरेगा फेस–I अन्तर्गत महात्मा गांधी नरेगा योजना के समस्त पूर्ण कार्यो की जियो टैगिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परंतु आदिनांक की स्थिति के अनुसार दिनांक 30.10.2017 तक पूर्ण हुए कार्यो में से **239060 कार्य जियो टैगिंग हेतु शेष है।** इस क्रम में संयुक्त सचिव, (महात्मा गांधी नरेगा) ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दिनांक 07.12.2017 को ली गई वीसी में नाराजगी प्रकट करते हुए निर्देशित किया है कि वर्ष 2014–15 से 2017–18 तक के पूर्ण हो चुके समस्त कार्यो के Asset ID जनरेट कर दिनांक 31.01.2018 तक आवश्यक रूप से जियो टैंग किया जाना है।

संयुक्त सचिव, (महात्मा गांधी नरेगा) ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वीसी में दिये गये निर्देशों के क्रम में निम्न कार्यवाही सुनिश्चित की जावे :–

1 वर्ष 2017–18 में पूर्ण हुये समस्त कार्यो की जियो टैगिंग 30 दिवस के अन्दर किया जाना अनिवार्य है, परंतु वर्ष 2017–18 के आदिनांक तक 51143 कार्यो को जियो टैग किया जाना शेष है। उक्त कार्यो को प्राथमिकता से जियो टैग किया जावे। माह दिसम्बर के लिए मंत्रालय द्वारा राज्य को दिये गये लक्ष्यों के अनुरूप जिलेवार लक्ष्य निर्धारित किये गये है, जो परिशिष्ट '1' पर संलग्न है। उक्त लक्ष्यों अनुरूप दिनांक 31.12.2017 तक जियो टैग की कार्यवाही सुनिश्चित की जावे।

2 उक्त लक्ष्यों के अनुरूप जिला स्तर से पंचायत समितिवार जियो टैग से शेष रहे पूर्ण कार्यो की संख्या से लक्ष्य निर्धारित किये जावे। (भुवन पोर्टल पर DGNO लॉगिन से डेश बोर्ड पर उपलब्ध Asset Geotagging Status के अनुसार) एवं लक्ष्यों के अनुरूप मॉनिटरिंग कर दिनांक 31.12. 2017 तक जियो टैग पूर्ण किये जावें।

3 कार्यो को जियो टैग करने के लिए कार्यनीति बनाई जावे। इसके लिये यह भी किया जा सकता है कि एक बार में एक ग्राम पंचायत के समस्त पूर्ण कार्यो को MSE द्वारा मोबाईल में डाउनलोड



Scanned by CamScanner

कर एक बार में ही जियो टैग कर लिया जावे, इसके पश्चात MSE से संबंधित दूसरी ग्राम पंचायत के समस्त कार्यो को लिया जावे। इस प्रकार ग्राम पंचायतवार समस्त पूर्ण कार्यो को जियो टैग किया जा सकता है।

4 संबंधित GAS द्वारा 24 घंटे में Moderation आवश्यक रूप से किया जावे अन्यथा उक्त फोटो रिजेक्ट हो जावेगी तथा किया गया कार्य निष्फल हो जावेगा।

5 जियो टैग के लिए एक्यूरेशी 10 मीटर के अन्दर ही रखी जावे तथा फोटो स्पष्ट ली जावे।

6 वर्ष 2014—15 से 2017—18 तक पूर्ण हो चुके समस्त कार्यो की Asset ID दिनांक 31.12.2017 तक जनरेट की जावे एवं इन वर्षो के समस्त पूर्ण कार्यो की जियो टैगिंग दिनांक 31.01.2018 तक पूर्ण की जावे।

7 इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु whatsapp group पर सूचित किया जावे। साथ ही समस्या समाधान हेतु पूर्ण विवरण संबंधित स्क्रीन सॉट एवं विस्तृत विवरण ईमेल (nrega.raj@gmail.com) पर प्रेषित करावें ताकि इस संबंध में अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

उक्तानुसार कार्यवाही समयबद्व रूप से पूर्ण की जावें।

भवदीय

संलग्नः—उपरोक्तानुसार

8/12/17

(शाहीन अली खान)

अतिरिक्त आयुक्त (प्रथम), ईजीएस

**प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :—**

1 अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद समस्त राजस्थान।
2 अधिशाषी अभियंता (DGNO), महात्मा गांधी नरेगा समस्त राजस्थान।
3 कार्यक्रम अधिकारी महात्मा गांधी नरेगा सह विकास अधिकारी (GAS) पंचायत समिति, समस्त राजस्थान।
4 रक्षित पत्रावली।

8/12

**State GIS Nodal Officer (SGNO)**

Scanned by CamScanner

Annexure-1

**District wise Asset Geotagging Target for the month of December 2017**

As on 7-12-17

| District | Assets Pending for Geotag | | | | Total target | Per day target |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | FY 17-18 | FY 16-17 | FY 15-16 | FY 14-15 | | |
| AJMER | 1521 | 1067 | 372 | 453 | 3413 | 142 |
| ALWAR | 671 | 454 | 328 | 645 | 2098 | 87 |
| BANSWARA | 3338 | 2390 | 1060 | 1334 | 8122 | 338 |
| BARAN | 300 | 377 | 235 | 603 | 1515 | 63 |
| BARMER | 5659 | 3469 | 3995 | 4422 | 17545 | 731 |
| BHARATPUR | 1070 | 399 | 190 | 567 | 2226 | 93 |
| BHILWARA | 2996 | 682 | 528 | 646 | 4852 | 202 |
| BIKANER | 1467 | 3730 | 1276 | 1185 | 7658 | 319 |
| BUNDI | 790 | 126 | 119 | 606 | 1641 | 68 |
| CHITTORGARH | 1211 | 357 | 460 | 822 | 2850 | 119 |
| CHURU | 1295 | 673 | 543 | 2103 | 4614 | 192 |
| DAUSA | 444 | 250 | 795 | 3893 | 5382 | 224 |
| DHOLPUR | 1137 | 528 | 458 | 424 | 2547 | 106 |
| DUNGARPUR | 4953 | 3362 | 1276 | 2570 | 12161 | 507 |
| HANUMANGARH | 1041 | 753 | 471 | 1059 | 3324 | 139 |
| JAIPUR | 507 | 390 | 298 | 670 | 1865 | 78 |
| JAISALMER | 1732 | 366 | 641 | 761 | 3500 | 146 |
| JALORE | 565 | 414 | 466 | 282 | 1727 | 72 |
| JHALAWAR | 2352 | 1264 | 806 | 351 | 4773 | 199 |
| JHUNJHUNU | 1235 | 1039 | 177 | 781 | 3232 | 135 |
| JODHPUR | 1213 | 901 | 461 | 897 | 3472 | 145 |
| KARAULI | 707 | 1028 | 844 | 780 | 3359 | 140 |
| KOTA | 1672 | 275 | 312 | 459 | 2718 | 113 |
| NAGAUR | 2024 | 1892 | 820 | 896 | 5632 | 235 |
| PALI | 2211 | 664 | 1118 | 1659 | 5652 | 236 |
| PRATAPGARH | 1306 | 1047 | 509 | 511 | 3373 | 141 |
| RAJSAMAND | 715 | 647 | 368 | 337 | 2067 | 86 |
| SAWAI MADHOPUR | 1806 | 365 | 169 | 1151 | 3491 | 145 |
| SIKAR | 747 | 318 | 426 | 498 | 1989 | 83 |
| SIROHI | 457 | 288 | 186 | 86 | 1017 | 42 |
| SRI GANGANAGAR | 1215 | 987 | 922 | 1128 | 4252 | 177 |
| TONK | 911 | 400 | 346 | 921 | 2578 | 107 |
| UDAIPUR | 1875 | 2071 | 2819 | 2760 | 9525 | 397 |
| **Total** | **51143** | **32973** | **23794** | **36260** | **144170** | **6007** |

Scanned by CamScanner